दैनिक भास्कर 16-10-2024

स्वास्थ्य सुधार में आयुर्वेद निभाता है महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. करतार सिंह

भास्कर न्यूज | अम्बाला

अम्बाला। कैंट के जीएमएन कॉलेज में संगोष्ठी में मौजूद अतिथि।

कैंट स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में मंगलवार को स्वास्थ्य व भारतीय जीवन शैली में आने वाली चुनौतियों पर आधारित एक दिवसीय संगोष्ठी करवाई गई। कार्यक्रम का संचालन आरोग्य भारती अम्बाला विभाग ने किया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि ये संगोष्ठी वर्तमान समय की स्वास्थ्य समस्याओं और भारतीय जीवन शैली में हो रहे परिवर्तनों पर केंद्रित रही। जिसमें विशेषज्ञों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए। मुख्यातिथि कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. करतार सिंह ने बताया कि पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणाली और आयुर्वेद भारतीय समाज के स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कहा कि केवल चिकित्सा उपचार ही नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना और भारतीय प्राचीन परंपराओं के अनुसार जीवन जीना ही दीर्घकालिक स्वास्थ्य का मार्ग है। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पंडित ने बताया कि सामान्य व्यक्ति में स्वाथ्य जागरूकता विकसित करना आरोग्य भारती परिवार का मुख्य उद्देश्य है। संगोष्ठी के अध्यक्ष डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि भले ही दवाएं बीमारियों के इलाज में सहायक होती है लेकिन इनका अत्यधिक या अनुचित उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। मौके पर राष्ट्र कार्यकारिणी सदस्य संजीवन, प्रांत अध्यक्ष पवन गुप्ता, संदीप सिंघल व डॉ. रोहिणी सिंह मौजूद रहे।